RAF SECTOR
NEWS CLIP
02/08/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Meerut (U.P)

भेंट योंकर फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. हिरो हितो के नेतृत्व में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने सौंपे सिलेंडर

आरएएफ एवं सुभारती अस्पताल को दिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर

सराहना

- विपदा के समय मानवता के संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है बौद्ध समुदाय

ग्रीन इंडिया

मेरठ। अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कन्फीडेरेशन के केयर विद प्रेयर कार्यक्रम के तहत योंकर हिस्टोरिकल रिसर्च फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. हिरो हितो के नेतृत्व में बौद्ध समुदाय ने 108 आर.ए.एफ. अस्पताल एवं छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल को ऑक्सीजन के सिलेंडर व कंसन्ट्रेटर दान स्वरूप दिये हैं। जनपद के 108 आर.ए.एफ अस्पताल में आयोजित कार्येक्रम के माध्यम से मुख्य अतिथि मेरठ हापुड़ लोकसभा के सांसद राजेन्द्र अग्रवाल के हाथों डा. हिरो हितो ने ऑक्सीजन सिलेंडर व कंसन्ट्रेटर सौंपे।

सांसद ने कहा कि विपदा के समय जिस प्रकार बौद्ध समुदाय मानवता के संरक्षण हेतु उत्कृष्ट कार्य कर रहा है इससे कोरोना संक्रमित लोगों का उपचार करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेरठ जिला प्रशासन कोरोना संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु सजग है और जनपद वासी सर्तकता से काम लेते हुए कोरोना की सावधानियों का पालन जरूर करें। योंकर फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. हिरो हितो ने कहा कि तथागत बुद्ध ने मानवता के उत्थान हेतु प्रेम, करूणा एवं मैत्री का संदेश दिया है और इसी बात को आत्मसात करते हुए योंकर हिस्टोरिक्ल रिसर्च फाउण्डेशन ने 108 आर.ए.एफ. अस्पताल को 08 ऑक्सीजन सिलेंडर व दो ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर एवं सुभारती अस्पताल को 20 ऑक्सीजन सिलेंडर दान किये है। उन्होंने बताया कि योंकर हिस्टोरिक्ल रिसर्च फाउण्डेशन देश में बौद्ध धर्म, चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान, संस्कृति एवं मानवाधिकार आदि के क्षेत्र में समाज उत्थान के उद्देश्य से प्रगतिशील कार्य कर रहा है।

108 आर.ए.एफ के कमांडेन्ट राजेन्द्र प्रसाद ने योंकर हिस्टोरिक्ल रिसर्च फाउण्डेशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक महामारी में सेवा के कार्यो की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि 108 आर.ए.एफ अस्पताल कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने हेतु हर प्रकार की तैयारी कर रहा है और जनपद वासी भी कोरोना की सावधानियों पर अमल करते हुए अपना ध्यान रखें और एक दूसरे का सहयोग करें। सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डा. कृष्णा मूर्ति ने बताया कि सुभारती अस्पताल भी मेरठ सहित दिल्ली एनसीआर की जनता की सेवा में सदैव तत्पर है और सुभारती अस्पताल एल 03 स्तर की मान्यता के साथ विश्वस्तरीय चिकित्सीय सुविधाओं को सर्वसुलभ बनाकर जनमानस की सेवा कर रहा है।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।